तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]



13 कन्याओं ने सजाया मां दुर्गा का दरबार...



14 कोलिहा में आदर्श झांकी परिवार की भव्य प्रस्तुति



# ट्रांसफार्मर खराब होने से चार दिन से अंधेरे में रायकोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवा

- नवरात्रि के पावन समय में भी ग्रामीणों को पूजा-अर्चना में परेशानी

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के रायकोना गांव में पिछले चार दिनों से ट्रांसफार्मर के खराब होने से पूरा गांव अंधेरे में डुबा हुआ है। जिसके कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जबकि नवरात्रि का समय चल रहा है गांव में जगह-जगह मां दुर्गा विराजमान हैं और लोगों को अंधेरे में मां दुर्गा का पूजा अर्चना करना पड़ रहा है।

जहां रायकोना गांव के सैकड़ों लोगों ने सरसींवा बिजली विभाग पहुंच कर गांव का ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत की है। लोगों ने कई बार बिजली विभाग से शिकायत करने के बाद भी आज तक विभाग कोई समाधान नहीं निकल पाया है। बीते दिन शुक्रवार को ग्रामीण बिजली कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। गांव वालों ने बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर गांव रायकोना को बिजली आपूर्ति बहाल की जाए। वहीं अब देखना होगा कि खबर प्रकाशित होने पर बिजली विभाग रायकोना गांव में अंधेरे की समस्या को दूर कर पाते हैं। इस संबंध में सरसीवां बिजली विभाग के जे ई सुरेंद्र सिंह से ⏩ शेष पेज 12 पर

## बिजली विभाग पर ग्रामीणों का दबाव, जल्द सुधार की मांग तेज



### शिकायत पर कार्रवाई नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि रायकोना ग्राम पंचायत चौक के पास लगा ट्रांसफार्मर तेज बारिश होने की वजह से खराब हो गया है। जहां पिछले चार दिनों से गांव अंधेरे में डूब गया है। और बिजली की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है जहां ग्रामीणों ने सरसीवां बिजली कार्यालय में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जहां गांव में लाइट नहीं होने से सबसे ज्यादा पानी की दिक्कत हो रही है। और अंधेरे होने की वजह से जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना है जहां लोग डरे हुए हैं।

## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## बारिश के कारण सड़क तालाबनुमा, दुपहिया-चारपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा


# सरसीवां से सरायपाली मार्ग में जानलेवा गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां

सरसीवां से सरायपाली जाने वाली मुख्य सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि आवागमन जोखिम भरा हो गया है। बारिश में मार्ग तालाबनुमा हो चुका है, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। पांच साल पहले बनी सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण लोग दिन-रात परेशान हैं।

बारिश के दौरान मार्ग पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से रास्ता कीचड़ में तब्दील हो गया है। दोपहिया वाहन फिसल कर गिर रहे हैं और दुर्घटना के मामले बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार सड़क सुधार की मांग की, लेकिन लोक निर्माण विभाग गड्ढों को भरने में भी रुचि नहीं दिखा रहा है। इस वजह से लोग न तो पैदल चल पाते हैं और न ही वाहन आसानी से चला पाते हैं। इस मार्ग की खराबी का मुख्य कारण है स्थानीय निवासियों द्वारा अपने घरों को ऊंचा करने के लिए सड़क किनारे मुरूम डालना, जिससे सड़क नीचे धंस गई है। साथ ही, इस मार्ग में नाली न होने के कारण पानी का निकास नहीं हो पा रहा है, जिससे सड़क का अधिक नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने नाली निर्माण की भी कई बार मांग की है ताकि पानी का निकासी सही ढंग से हो सके और सड़क बचाई जा सके।

## जर्जर सड़क ने बढ़ाई यात्रियों की मुश्किलें



### सड़क की वर्तमान स्थिति

सरसीवां से सरायपाली मार्ग करीब 15 किलोमीटर लंबा है। बारिश के दौरान यह मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो जाता है। सड़क पर गड्ढे इतने गहरे और बड़े हो चुके हैं कि वाहन चालकों को बार-बार दुर्घटना का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया और साइकल चालक सबसे अधिक प्रभावित हैं। सड़क के दोनों तरफ मुरूम भरने और गड्ढों की मरम्मत न होने के कारण समस्या और बढ़ गई है।

### स्थानीय प्रशासन और विभाग की भूमिका

स्थानीय लोगों ने कई बार सड़क सुधार, गड्ढों की भराई और नाली निर्माण की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी कदम नहीं उठाए गए। लोक निर्माण विभाग ने बारिश के कारण डामरीकरण रोक रखा है, लेकिन गड्ढों को मुरूम या गिट्टी डालकर भरने का कार्य भी नहीं किया गया। इस वजह से स्थानीय लोग निराश हैं और जल्द सुधार की गुहार लगा रहे हैं।

## फिल्टर प्लांट से इंटेकवेल महानदी तक पाइप बिछाने के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

डोंगरीडीह में ओपीव्हीसी पाइप लाइन कार्य ( 3500 मीटर तक ) फिल्टर प्लांट से इंटेकवेल महानदी तक का नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू एवं उपस्थित पार्षद द्वारा भूमिपूजन का कार्य किया गया। कसडोल नगर में पर्याप्त मात्रा में पेयजल एवं निरंतर जलआपूर्ति के लिए नगर अध्यक्ष हमेशा से प्रयासरत थे जिसके निराकरण के लिए आज 15वें वित्त आयोग मद से 76.12 लाख की राशि स्वीकृत हुई जिससे ग्राम डोंगरीडीह फिल्टर प्लांट से लेकर कसडोल तक 3500 मीटर का ओपीव्हीसी पाईप लाईन बिछाने कार्य आरंभ किया गया।

उक्त भूमिपूजन का कार्यक्रम नगर अध्यक्ष नागेश्वर साहू के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। आज के इस भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू , सभापति अजय साहू , पार्षदगण संतोष भारती, नीरज साहू, नगर पंचायत उपअभियंता आशीष अग्रवाल, नगर पंचायत कर्मचारी डागेश्वर पटेल, लक्ष्मीनारायण पाटले, राजेश साहू एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदार एवं सहायक उपस्थित रहे।

# बारिश के चलते सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

- साप्ताहिक सब्जी बाजार में बढ़े दाम, किसानों व उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी



साप्ताहिक सब्जी मार्केट में सब्जियों के दाम आसमान छू रहा हैं। ज्यादा बारिश होने से सब्जियों के दामों बढ़ोतरी हुआ हैं। पिछले पंद्रह वर्षों से प्रत्येक रविवार को यहां सब्जियों के बाजार लगता हैं। आसपास के स ब जी विक्रेताओं ने सब्जी बेचने आता हैं। फिलहाल कई वर्षो से गंगासागर तालाब और मोतीपुर पहुंच मार्ग में साप्ताहिक सब्जियों का मार्केट लगता हैं। कुछ दिनों ज्यादा बारिश होने से सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। किसानों का परेशानी बढ़ गई हैं।

बारिश में सब्जियों का फसलों को काफी नुकसान पहुंचा हुआ हैं। बारिश होने से सब्जियों के फसलों बर्बाद हो गया हैं। जिसके चलते अभी सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुआ हैं। सब्जियों का मार्केट में दामों में बढ़ोतरी हुआ हैं। लाल भाजी 60 रुपए किलो, पहाड़ी आलू 25 रुपये किलो, बरबट्टी 80 रुपये किलो, 60 किलो करेला, केला 40 रुपये किलो, टमाटर 35 रुपये किलो, बिका भिंडी 60 रुपये किलो, बैंगन 30 रुपये किलो, मुनगा भी महंगा हो गया है। धनिया, मिर्चा फूल गोभी पत्ता भाजी सेमी 100 रुपये किलो, तोरई भी महंगा हो गया हैं। करील भी महंगा में बिक्री हुआ हैं। इसी तरह से सभी सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुआ हैं। यहां शाम को साप्ताहिक बाजार लगता हैं। ग्राहकों का भीड़ उमड़ने लगा था ग्राहकों ने जमकर खरीदी किया गया है। भले ही सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुआ हैं।

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष पद की दौड़ में तीन दिग्गजों का नाम




**भवानीपुर**। भवानीपुर। साहू समाज में तहसील संघ अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नजदीक आते ही सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रदेश, ग्रामीण और परिक्षेत्र स्तर के



चुनाव संपन्न हो चुके हैं, अब तहसील संघ अध्यक्ष पद पर तीन प्रमुख दावेदारों के नाम की चर्चा जोरों पर है। वीरेंद्र साहू, हेमंत साहू और मनोज साहू के पक्ष में जनसमर्थन तेजी से बढ़ रहा है। वीरेंद्र साहू, जो वर्तमान में तहसील उपाध्यक्ष हैं, अपने सक्रिय समाज सेवा और मधुर संबंधों के लिए लोकप्रिय हैं। दूसरी ओर पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष हेमंत साहू का ⏩ शेष पेज 12 पर

## 50 नग गोवा शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**कसडोल**। रविवार को आबकारी टीम को सूचना मिला कि ग्राम कसडोल के महेतर पिता खेदूदास उम्र 58 वर्ष जाति पनिका द्वारा अवैध शराब की बिक्री करने मोटरसाइकिल से जा रहा है। इसी दौरान उक्त आरोपी से 50 नग पाव गोल्डन गोवा स्पेशल व्हिस्की कुल 09 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब एवं वाहन मोटर साइकल हीरो होंडा सी डी डॉन गाड़ी नंबर सीजी 04 सीपी 2829 को जब्त किया गया। साथ ही आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) 59. क आबकारी एक्ट कायम कर कार्रवाई किया गया।

## गुरु दर्शन के लिए बिहार से आए युवक की हीरा सागर में डूबने से मौत

**सिमगा**। सिमगा के कबीरधर्म नगर दामाखेड़ा में गुरु दर्शन के लिए आए बिहार के सहरसा जिला भर्राही ग्राम के शर्मा परिवार के सदस्य हीरा सागर तालाब में नहाते समय डूब गए। 28 वर्षीय कौशल कुमार शर्मा की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और गोताखोर घटनास्थल पर पहुंचकर शव को तालाब से बाहर निकाला।



शर्मा परिवार के करीब 15 लोग सिमगा के दामाखेड़ा पहुंचे थे। जब कौशल कुमार नहाने के लिए तालाब में उतरे, तो उन्होंने कपड़े उतारकर पानी में डुबकी लगाई। कुछ देर बाद जब वे बाहर नहीं निकले, तो उनकी मां मुन्नी देवी शर्मा ने तालाब में उनकी खोज की, लेकिन कौशल का कहीं पता नहीं चला। उनके कपड़े और चप्पल तालाब किनारे पड़े थे। डर के मारे परिवार के लोग पुलिस से मदद माँगने पहुंचे।

सूचना मिलने पर पुलिस गोताखोरों के साथ तालाब पहुंची। गोताखोरों ने तलाशी के बाद कौशल कुमार का शव तालाब से बाहर निकाला। पुलिस ⏩ शेष पेज 12 पर







## खबर संक्षेप



### भारत माता सेवा ट्रस्ट ने मरीजों को किया फल वितरण

**बलौदाबाजार** । भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में महान चिंतक, समाज सुधारक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय जी की जन्मजयंती के अवसर पर जिला अस्पताल बलौदाबाजार में मरीजों एवं उनके परिजनों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर बलौदाबाजार नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर, ट्रस्ट के कार्यक्रम समन्वयक नीरज परगनिहा, धीरज वाजपेयी, बंशीलाल वर्मा, राजकुमार बंजारे, राधेश्याम पटेल, पुहुप राम यदु, अदिति बाघमार, द्वारिका वर्मा, गुलशन वर्मा, प्रदीप कुर्रे तथा अस्पताल प्रबंधन के लोग उपस्थित थे ।

### सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा आज

**सिमगा** । सहकारी समिति के अध्यक्ष छोटेलाल यदु ने बताया कि 29 सितंबर सोमवार को 12 बजें कृषि उपज मंडी सिमगा में समिति के वार्षिक लाभ हानि लेखा जोखा का विवरण प्रस्तुत किया जायेगा साथ ही धान खरीदी के संबंध में अपने अपने विचार रख सकते हैं। उन्होंने आमसभा में अधिक से अधिक किसानों को उपस्थित होने अपील किया है।

### मारपीट का प्रयास

**महासमुंद**। पिथौरा के बागड़पारा में रहने वाली एक महिला के साथ मारपीट का प्रयास करने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पिथौरा पुलिस को उर्मिला यादव वार्ड नं 13 बागडपारा पिथौरा ने बताया कि 28 सितंबर को वह सुबह अपने घर में थी, उसके पड़ोस में मानिकपुरी परिवार रहते हैं। इसी दौरान यदुराज मानिकपुरी के रिश्तेदार बागबाहरा से आये थे और यदुराज के मां के साथ मारपीट करने के लिये उतारू हो रहे थे। तभी उसकी मां भागते हुए प्रार्थिया के घर आ गई।

### निधन

### थनवारीन जायसवाल

**पलारी** । चरौदा निवासी थनवारीन जायसवाल 95 वर्ष का आकस्मिक



निधन शनिवार को हो गया जिनका अन्तिम संस्कार गृह ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम में किया गया जहां पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको ने उपस्थिति होकर श्रद्धांजलि अर्पित कि । वे रामचंद जायसवाल, रामसेवक जायसवाल, मेघनाथ जायसवाल के माता जी व संतोष, दीपक, सुरेन्द्र अश्वनी जायसवाल के दादी थी।

### पेज 11 के शेष

#### ट्रांसफार्मर खराब ...

ग्रामीणों की समस्या को लेकर बात की गई तो उनका कहना की सबडिविजन में ट्रांसफार्मर आते ही रायकोना गांव में लगा देंगे।

#### अध्यक्ष पद की...

संगठन कौशल और अनुभव उनकी सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं के बीच लोकप्रिय मनोज साहू ने पंचायत स्तर पर सेवा का अनुभव हासिल किया है और तहसील मंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। चुनावी माहौल और समाज की अपेक्षाएं साहू समाज के वरिष्ठ व युवा दोनों वर्ग इस चुनाव को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं। उनका मानना है कि समाज के रीति-रिवाजों और सुख-दुख में सहभागी व्यक्ति को ही नेतृत्व का अवसर मिलना चाहिए, जिससे समाज की प्रगति निरंतर बनी रहे। विभिन्न पदों के लिए कई और उम्मीदवार भी मैदान में हैं, जो अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं।

#### गुरु दर्शन के लिए...

ने घटनास्थल का बंदोबस्त किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से परिवार और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

# सरपंच और महिला बाल विकास विभाग ने दिया पोषण के महत्व पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

## पलारी के सिंधोरा आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह का भव्य आयोजन

विगत दिनों आंगनबाड़ी केंद्र सिंधोरा मे पोषण माह का आयोजन किया गया इसमें सर्वप्रथम सरपंच दयाल महेश्वर एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक गण महिला एवं बाल विकास विभाग के सेक्टर संडी सुपरवाइजर लोकेश्वरी साहू परियोजना पलारी जिला बलौदा बाजार एवं केंद्र क्रमांक 1 के कार्यकर्ता मंत्रा महेश्वर केंद्र क्रमांक 2 के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मधुबाला डहरिया व ग्राम के शिशुवती एवं गर्भवती माताएं के द्वारा सरस्वती माता के पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

जिसमें ग्राम पंचायत सिंधोरा के सरपंच दयाल महेश्वर के द्वारा सही पोषण देश रोशन के संबंध में गर्भवती माता एवं शिक्षुवती माता व बच्चों को आंगनवाड़ी में जो पोषण आहार दिया जाता है वह बच्चों एवं महिलाओं के लिए एक पौष्टिक आहार है गर्भवती माताएं शिशुवती माताएं के लिए भी पौष्टिक आहार है, इस पौष्टिक आहार का सुचारू रूप से नित प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर के सभी को लाभ उठाना चाहिए और सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा सुचारू रूप से संचालित करने के लिए कहा गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना के सेक्टर सुपरवाइजर लोकेश्वरी साहू ने बताया महिलाओं एवं बच्चों को एवं नागरिक गणों को राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान पोषण का अर्थ एवं पौष्टिक आहार संतुलित भोजन सही पोषण देश रोशन का संदेश पहुंचा है।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान प्रधान पाठक सुरेंद्र पटेल ,नीतू नवरंगे, नायक सर, चंद्राकर सर, उपसरपंच रेवती यादव, श्यामा यादव, राजेश्वरी यादव, मंजू लता यादव, कमल यादव, रितु यादव, दुकालहीन यादव, मालती यादव, कृष्णा देवी डेहरिया, अमरौतीन महेश्वरी, रुक्मणी चंद्राकर ,रजनी चंद्राकर, रतना चंद्राकर आदि उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी ने दी सतर्क रहने की सलाह, सोशल मीडिया के खतरों से भी किया आगाह

# वटगन कॉलेज में हुआ साइबर क्राइम और यातायात जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



शासकीय नवीन महाविद्यालय वटगन में छात्र-छात्राओं को बतलाया गया साइबर क्राइम यातायात कानूनी कार्यवाही के संदर्भ में बड़ी ही विस्तार से बतलाया थाना प्रभारी हेमंत पटेल व सुखदेव सेन ने कि आज की स्थिति में हमें संभाल कर चलना चाहिए क्योंकि आए दिन अपराध दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसलिए हमें सावधानी पूर्वक रहना चाहिए मोबाइल द्वारा यदि कोई ओ टी पी खाता यह अन्य जानकारी यदि कोई अनजान व्यक्ति मांग रहा हो उसे कभी भी नहीं बतलाना चाहिए ऐसे करने से हमें और हमारे परिवार को बड़ा ही नुकसानी का सामना करना पड़ सकता है।

**छात्रों ने की प्रशासनिक पदों की जानकारी मिली करियर मार्गदर्शन**

छात्र-छात्राओं ने भी संबंधित विभाग की जानकारी पूछी की डॉक्टर पुलिस फौजी मजिस्ट्रेट आईपीएस तहसीलदार पटवारी शिक्षक बनने के लिए हमें क्या करना होगा जिससे हमें यह पोस्ट हासिल हो उसके संदर्भ क्रमशः बतलाया कि हमें हमारी शिक्षा को विशेष ध्यान देना चाहिये जिससे हमारी मन में जो सोच कर रखे हैं कि हमें उसे पोस्ट को हासिल करना है तो अवश्य हमें प्राप्त होगी पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद पर भी ध्यान रखना चाहिए शारीरिक मानसिक स्वस्थ रहेंगे। आप सभी छात्र-छात्राएं अपनी विद्यालय समय पर आना-जाना करें और यदि कोई समस्या हो तो अपने शिक्षक या मुझे बतलाएं जिससे समस्या का निराकरण हो और सभी अपने लक्ष्य को पढ़ाई लिखाई कर प्राप्त कर सके।

इस अवसर पर प्राचार्य चंद्रकांत जलहरे, कार्यक्रम अधिकारी राम प्रकाश जोशी, शैलेन्द्र वर्मा, प्रवीण पैकरा, सहायक उमेश श्रीवास, पुष्पा वर्मा, नोहर सिंह, लिमेश वर्मा, शुभम सिंह, मुकेश झा, नील कमल आजाद,फागुराम सेन, संजू साहु, कुश अग्रवाल, पूर्व छात्र कुनाल सेन, रोहित साहू, शिवा कन्नौजे, नीरज पटेल, लीलाधर, शशि जलछतरी महाविद्यालय के छात्र नेहा बघेल, गुलशन साहू, चितेश्वर, कमलेश, कंचन, सुख सागर, रविन्द्र पटेल, आदि छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 20 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरवन छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण के तहत 20 छात्राए निशुल्क साइकिल वितरण किया गया । छात्राओं को जनप्रतिनिधि तिलक लगाकर मुंह मीठा कर साइकिल वितरण किया गया ।

मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कृष्णा आजाद ने कहा कि आप छात्र-छात्राएं साइकिल से सही समय पर स्कूल आएंगे जिससे उनकी पढ़ाई लिखाई कोई दिक्कत नहीं होगी क्योंकि पहले उनको पैदल आना पड़ता था आप उनको साइकिल से स्कूल पहुंचेंगे और अपना शिक्षा ग्रहण करेंगे छात्र-छात्राओं से कहा कि आप सभी समय पर स्कूल पहुंचे ताकि आपकी पढ़ाई लिखी अच्छी हो और साफ-सफाई कर अपनी यूनिफॉर्म पहनकर पहुंचे और अपने माता-पिता की साथ-साथ अपने स्कूल का नाम भी रोशन करें पढ़ाई लिखा कर आप अच्छा पोस्ट पर पदस्थ हो जिससे हमारे विद्यालय का नाम रोशन होगा। आप सभी गुरुजनो अच्छे शिक्षा प्राप्त कर औरों को भी प्रदान करें इस अवसर पर सरपंच चांदनी जायसवाल, प्राचार्य अशोक वर्मा, संकुल समन्वयक विक्रम राय साला, समिति अध्यक्ष रेवा राम चतुर्वेदी, उमेश वर्मा, पूर्व सरपंच रुपेंद्र चतुर्वेदी, शिक्षक भुवनलाल कोसरिया, उप सरपंच सुभाष, जगदेव साहू, सोनू फेकर, उमेश जायसवाल आदि ग्रामीण स्कूली छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जियो टावर खराब होने के चलते ऑनलाइन पढ़ाई-लिखाई हुई ठप

**भवानीपुर**। विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रीवाडीह में जियो टावर विगत दो वर्ष पहले लगाई गई थी शुरू शुरू में अच्छा टावर बताता था विगत तीन महीने से टावर सही नहीं बताने के चलते ग्रामीण के छात्र-छात्राएं ऑनलाइन पढ़ाई लिखी एवं जनसंपर्क नहीं कर पा रहे हैं । इस संदर्भ में कर्मचारियों को अवगत कराया गया है परंतु अभी तक जिओ का टावर सुधार नहीं की गई है गांव में जिओ के टावर लगने से सभी व्यक्ति जियो सिम का ही उपयोग करते हैं और अन्य का टावर वहां पर उपलब्ध नहीं है जिससे कई कार्य रुक रहा है प्राप्त जानकारी जनपद सभापति जनार्दन वर्मा ने बताया ।

## जनसहयोग से भरे गए नेशनल हाईवे पर हुए गड्ढे



**पलारी**। राजधानी रायपुर से जिला मुख्यालय बलौदाबाजार को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग पर अनगिनत जानलेवा गड्ढे है जिसमे राहगीर दुर्घटना ग्रस्त होकर अपना जान गवा बैठते हैं, वही इसी मार्ग के नगर पंचायत पलारी नेशनल हाईवे 130 बी मेन रोड में कई जगहों पर गड्ढा हो गया है जिसमे आने जाने वाले मोटर सायकल और छोटी कार कई बार दुर्घटनाएं होकर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।वही विभाग चीर निन्द्रा में है । कोई बड़ी अनहोनी घटना न हो इसके लिए जनसहयोग से गड्ढो को भरा गया इस कार्य में रसौता निवासी अजा मोर्चा मंडल के उपाध्यक्ष पिकेंद्र साय ने अपने टैक्टर से कट्टा एवं राबिस से उक्त गड्ढे को भरा गया उनके साथ बिनौरी सरपंच प्रतिनीधि सनकुमार साहू, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने भी सहयोग किया।

## एक बेल में फला15 नग रखिया ....




**बंगोली** | ग्राम मूरा के सड़क किनारे मोतीलाल कोसले के घर खपरैल के ऊपर कुल 15 नग रखिया फल लगा है जो एक ही पेड़ का फल है | राह चलते राहगीर एक नजर जरूर निहारते हैं |

# डीएमएफ से होगी अतिथि शिक्षकों की भर्ती, कलेक्टर ने उठाया कदम

**बलौदाबाजार**। राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत अतिशेष शिक्षकों के समायोजन के बाद भी बलौदाबाजार जिले में कई विद्यालयों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। विद्यार्थियों की दर्ज संख्या और रिक्त पदों को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूती देने के लिए सार्थक पहल की है। कलेक्टर ने जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी संकलित कर जिला खनिज संस्थान न्यास से मानदेय के आधार पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती का निर्णय लिया है। इसमें प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए व्याख्याताओं की नियुक्ति की जाएगी।

इस प्रक्रिया में पिछले सत्र में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, भृत्यों एवं अतिथि शिक्षकों को मानदेय में वृद्धि का लाभ भी मिलेगा। प्राथमिक शाला : 5,000 मानदेय, माध्यमिक शाला : 6,000 मानदेय, हाई व हायर सेकेंडरी शाला : 7,000 मानदेय तय किया गया है। अतिथि शिक्षकों का कार्यकाल नियुक्ति तिथि से आगामी 30 अप्रैल तक रहेगा।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को उनके अनुपात में शिक्षक उपलब्ध कराने के लिए यह कदम उठाया गया है। पूर्व में शासकीय परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप इस सत्र में भी अतिथि शिक्षकों की भर्ती को मंजूरी दी गई है।

# नए सचिव थानेश्वर साहू ने संभाला कार्यभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

जिला मुख्यालय से महज चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत रिसदा में नए सचिव थानेश्वर साहू द्वारा शनिवार को कार्यभार संभाला गया । ग्राम पंचायत रिसदा की 16 वर्षों से कार्य संचालन करते आ रही सचिव देव कुमारी राय द्वारा उन्हें पंचायत के रिकॉर्ड को सौपा गया। कार्यक्रम की कड़ी में सचिव देवकुमारी राय को विदाई भी दिया गया साथ ही पुष्प गुछ भेंट कर नए सचिव का स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर पंचायत के सरपंच गणेश राम साहू, उपसरपंच पवन वर्मा, पंचगणों में बसावन साहू, मनीराम गजेंद्र, शेरसिंह डहरिया, दानेश्वर वर्मा, कुबेर साहू, जावेद ध्रुव, सुखीराम खुटे, पप्पू डहरिया, दुलारी बाई वर्मा, सुनीता शर्मा, अन्नु शर्मा, अनीता सोनवानी, किशन बाई साहू, अंजू बंजारे, लक्खी बंजारे, शांति ध्रुव, अनुसूया साहू, संगीता नौरंगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दतान (खैरा) में रासेयो ने मनाया विश्व पर्यटन दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान(ख), बगबुडा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंम सेवकों ने संस्था के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के मार्गदर्शन में स्वयंम सेवकों ने विश्व पर्यटन दिवस पर डाईंग सीट पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चित्र एवं माडल बनाकर प्रस्तुत किए संस्था के प्राचार्य ने सभी स्वयंम सेवकों को पर्यटन दिवस कि बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंम सेवकों ने रंगोली बनाकर भी पर्यटन दिवस पर जागरूक किया चित्र, रंगोली, माडल बनाने वाले स्वयंम सेवक सुमन बंजारे, सोनम बंजारे, पुजा निषाद, सरस्वती निषाद, राखी बंजारे, मंजु कैवत आदि स्वयंम सेवकों ने माडल बनाये थे। पर्यटन दिवस पर 46 स्वयंम सेवकों ने भाग लिया था।

## नवाचारी शिक्षिका संध्या पैंकरा ने किया प्रभावशाली योगदान

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हुई पुतली कला कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी), दिल्ली द्वारा आयोजित पुतली कला आधारित शिक्षा कार्यशाला का सफल समापन हो गया। इस राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के पलारी विकासखंड की नवाचारी शिक्षिका संध्या पैंकरा सहित 11 राज्यों के कुल 68 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति से जोड़ना और शिक्षण को रोचक बनाना था। कार्यशाला में शिक्षकों को कठपुतली निर्माण, संचालन




तकनीक और शिक्षण में इसके व्यावहारिक उपयोग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों ने अपनी सांस्कृतिक विविधताओं का परिचय देते हुए प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण भी किया। छत्तीसगढ़ के शिक्षकों ने अपने राज्य की भौगोलिक स्थिति, भाषा, कला-संस्कृति, नृत्य और खान-पान की झलक प्रस्तुत की, जिसने सभी प्रतिभागियों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद भी सभी को चखाया गया। कार्यक्रम के समापन पर सीसीआरटी दिल्ली के अध्यक्ष विनोद नारायण इंदुल्कर, उपनिदेशक आशुतोष शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी क्षेत्राधिकारी देवा सर, जुलिसा मैडम और कोमल मैडम उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ से शामिल प्रतिभागियों में संध्या पैंकरा, उमाशंकर साहू, तिलेश्वर साहू, अंशुमन दुबे, गायत्री चंद्रवंशी, अर्चना साहू, रीता श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास और टिकेश्वर महिलांगे प्रमुख थे।

### छत्तीसगढ़ के शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय मंच

कार्यशाला के दौरान छत्तीसगढ़ के 10 प्रतिभागियों को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के एक कार्यक्रम में भाग लेने का भी अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर ने छत्तीसगढ़ के शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कला के प्रति उत्साह और समर्पण को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। इस तरह के अनुभवों ने उनकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को और भी प्रगाढ़ किया।

### पुतली कला से शिक्षा का नवाचार

पुतली कला का प्रयोग शिक्षा में बच्चों की कल्पना शक्ति और रचनात्मकता को विकसित करने के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देने का एक सशक्त माध्यम है। इस कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों ने शिक्षकों को इस कला को अपने शैक्षणिक कार्यों में शामिल करने के लिए तकनीकी प्रशिक्षण दिया, जिससे शिक्षा की प्रक्रिया और भी अधिक रोचक, प्रभावशाली और तनावमुक्त बन सके।

### छात्रों को वितरण किया चश्मा

**सिमगा** । नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा छात्रों का नेत्र परीक्षण कराया गया । जहां पांच छात्रों के आंखों में तकलीफ का पता चला जिन्हें चश्मा वितरण किया गया । इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनिल सोनकर, पार्षद मनीषा, माया सलूजा, रामकुमार देवांगन, स्वास्थ्य विभाग के डी आर निर्मलकर सहायक अधिकारी एवं शाला के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**बलौदाबाजार** | भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 126 वां ऐपिसोड मन की बात कार्यक्रम भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर मन की बात सुनी प्रत्येक माह कार्यकर्ता इसी तरह भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात सुनने आते हैं इस अवसर पर भाजपा अनु.जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, वरिष्ट भाजपा नेता विजय केसरवानी, नीलम सोनी, पूर्व न.पा अध्यक्ष चितावर जायसवाल, नरेश केसरवानी, जिला कार्यालय प्रभारी पुरूषोत्तम साहू, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, महामंत्री महेन्द्र साहू, नेतराम साहू, द्वारिका वर्मा, सरिता मार्के, रेखा पटेल, पोषण पटेल, नीरज सोनी, हरिशंकर सेन, महिपाल ठाकुर, सौरभ ध्रुव, किशन रजक, हितेश रात्रे, संतोष शर्मा, पारसमणी साहू, महामंत्री संजय श्रीवास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मन की बात कार्यक्रम मे हिस्सा लिये।

### खम्हरिया में हुई मेगा पालक शिक्षक बैठक



**गोपालपुर** | शास. उच्च. मा. विद्यालय खम्हरिया में राज्य शासन के आदेश अनुसार मेघा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन 12:00 बजे से 2:00 बजे तक चला इस अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा नोएडा अधिकारी के रूप में शिवेन्द्र सिंह जिला क्रीडा अधिकारी को बनाया गया था सिंह के द्वारा बहुत ही अच्छी बातें बताई गई साथ में छात्राओं के साथ एक घंटा तक वार्तालाप भी चला बैठक में प्राचार्य एस एल पटेल के द्वारा 11 बिंदुओं पर विशेष चर्चा चली । इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष सबद राम यादव एवं सदस्य गण रामेश्वर साहू, दरस राम टंडन (पत्रकार), नारायण साहू, लक्ष्य राम साहू शाला विकास समिति सभी अन्य सदस्य गण ग्राम पंचायत खम्हरिया के सभी सदस्य के साथ। लगभग 50 पालक से अधिक उपस्थित थे तथा संकुल से लगभग 30 से अधिक शिक्षक थे। शिक्षकों में प्राचार्य एस एल पटेल सहित एन लकड़ा सर, एम एल सिदार सर, एस के डनसेना सर, आर एल सर, एस के डनसेना, जे के वर्मा सर, मनोज किशोर सर, डी आर सर, जी एस पटेल सर,पी एल पटेल सर, डी साहू सर, यू के निषाद सर, एन राज सर, पी के देवागन सर, टी साहू सर, के आर यादव सर, डी पी पटेल सर, अरुण दुबे सर, एस आर निषाद सर, आर के साहू सर, कु नेमलता पटेल मेडम, दीपिका मैम, लखन भारद्वाज, प्रकाश नेवले, आकाश यादव, घनश्याम दास उपस्थित थे।

## आयोजन : दाऊ कल्याण महाविद्यालय में हुई ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता

# कबड्डी, रस्सी खींच, एथलेटिक्स सहित अनेक खेलों में युवा प्रतिभागियों का जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार में माय भारत नेहरू युवा केन्द्र रायपुर, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बलौदाबाजार ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर खेलों के उल्लास से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ए आर सी जेम्स एवं मुख्य अतिथि नेहरू युवा केंद्र रायपुर सहायक निदेशक अर्पित तिवारी के करकमलों से हुआ।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है, यह न केवल शारीरिक विकास करता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी संचार करता है। अर्पित तिवारी ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल ही युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए सक्षम बनाते हैं। प्रतियोगिता में कबड्डी, रस्सी खींच, बोरा दौड़, गोला फेक, एथलेटिक्स सहित कई खेलों में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर मेडल, शील्ड, प्रमाण पत्र प्राप्त किए एवं दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक नरेन्द्र देव मिर्झा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक मोहन लाल वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर सी के चंद्रवंशी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुषमा दिवान, बड़ी संख्या में विद्यार्थी, एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## अर्जुनी टोनाटार में प्रतिभागियों का किया स्वागत व उत्साहवर्धन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर युवा जोश और जुनून का संगम टूर दे बलौदाबाजार साइक्लोथॉन का आयोजन 28 सितंबर को जिला प्रशासन द्वारा किया गया। इस साइक्लोथॉन का शुभारंभ सोनबरसा वन विहार से प्रतिभागियों को रवाना किया गया। 50 किलोमीटर साइक्लोथॉन रेस प्रतियोगिता में शामिल पुरुष महिला प्रतिभागियों का ग्राम पंचायत अर्जुनी के टोनाटार तिगड्डा के पास पहुंचने पर पंचायत प्रतिनिधियों महिला समूह एवं ग्रामीण जनों द्वारा स्वागत एवं ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया गया।

- ग्राम पंचायतों ने किया प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन और स्वागत

प्रतिभागियों के लिए पेयजल की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य मार्ग पर पंडाल लगाकर किया गया था। सरपंच कविता भगेला ध्रुव उपसरपंच विष्णु साहू सचिव राजेश साहू सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव पंच राजेश्वरी ध्रुव ओमप्रकाश साहू विनोद सोनी भुवनेश्वरी नायक गंगाप्रसाद यदु विजय वर्मा जीवन साहू सहित महिला समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण जन मौजूद थे। इसी तरह ग्राम पंचायत टोनाटार पहुंचने पर शहीद धनंजय वर्मा स्मारक चौक के पास जनपद सदस्य शांति ध्रुव, सरपंच विष्णु कोसले, उपसरपंच कुलेश्वर, पिंकू वर्मा, सचिव रामेश्वर लहरी, पंच प्रतिनिधि रूपनारायण रजक, रोजगार सहायक मूलचंद यादव, देवकुमार ध्रुव, भारत माता वाहिनी समूह के सचिव लक्ष्मी वैष्णव, कोषाध्यक्ष सरस्वती वर्मा, आराधना वर्मा, सुलेखा वर्मा, पुनी बाई बंजारे, की उपस्थिति में प्रतिभागियों को पानी बोतल पानी पाउच दिया गया।

## समाज कल्याण विभाग ने वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है । इसके अंतर्गत आज दिनांक 28 सितंबर रविवार को नगर के वृद्धाश्रम श्री वाटिका में वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार ने शासन की इस योजना का स्वागत करते हुए कहा की इससे वृद्धिजनों का आत्मबल बढ़ता हैं, जीने की इच्छा बलवती होती है, अकेलापन दूर होता है व मन प्रसन्न रहता है ।

- कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में वरिष्ठ जनों का आत्मबल बढ़ाने का प्रयास

योजना के तहत सभी वरिष्ठ जनों का माल्यार्पण से स्वागत किया गया । उनको शाल व श्रीफल भेंट किया गया । महिलाओं को साड़ी भेंट की गई ,पुरुषों को कुरता पाजामा भेंट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामंत्री डी पी जैन व पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील बलौदाबाजार के अध्यक्ष एस डी पड़वार का भी सम्मान किया गया तथा एसोसिएशन के लिए साउंड सिस्टम प्रदान किया गया । उप संचालक गोयल ने उपस्थित आमंत्रित जनों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की आज वरिष्ठ व वृद्ध जनों में उत्साह व प्रसन्नता देखते बन रही हैं. अपनों से दूर हुए लोगों को अपनों जैसा स्नेह व सम्मान देना शासन की मंशा है. इस अवसर पर 50 से अधिक वरिष्ठ जन उपस्थित थे. उन्होंने आयोजकों के प्रति भी आभार प्रदर्शित किया ।

## कौशलपुर मंडल में हुआ आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम व सांसद खेल महोत्सव

हरिभूमि न्यज ▶▶| सिमगा



भाजपा नेता हेम सिंह चौहान ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कौशलपुर मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष केजूराम बघेल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा के सिपाही घर-घर जाकर स्वदेशी अपनाओ का संदेश पहुचाएं।

हमारे देश में ही निर्मित सामानों का का लेन-देन करें ताकि हमारे देश के व्यापार में उन्नति हो तब जाकर आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा होगा । साथ ही युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने की बात कही । वहीं उन्होंने सासंद खेल महोत्सव के बारे में बतातें हुए कहा कि इस सांसद खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों में भाग लेने एवं उनकी प्रतिभा को निखारना है । तथा हमारी मूल शक्ति युवा वर्ग ही है जिसे हमें नशा रूपी राक्षस से दूर रखना है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन धीकड़े, गोपाल शुक्ला जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष नारायण देवांगन, महामंत्री आनंद बंजारे, दिलीप चक्रधारी, कोषाध्यक्ष लखन अग्रवाल, नारायण पाल, विनोद मिश्रा, लोकेश साहू, अशोक यादव, मेघनाथ डहरे, रूपेन्द्र यादव, संतोष साहू, संजय शर्मा, समारू, दौलत साहू, पुनीत बंजारे, मनीष निषाद, कैलाश साहू, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## गौ माता हम सभी के लिए पूजनीयः दंडी स्वामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

बेमेतरा जिले के ग्राम सलधा आश्रम से निकली गौ न्याय जन जागरण पदयात्रा आज संध्या 5 बजे सिमगा पहुंची। सिद्धेश्वर शिव मंदिर के पास दंडी स्वामी लक्षेश्वर महाराज और उनके साथियों का भव्य स्वागत किया गया। पदयात्रा जय स्तंभ चौक तक पहुँची, जहाँ जनसभा का आयोजन हुआ।

दंडी स्वामी लक्षेश्वर महाराज ने कहा कि गौ माता ही संपूर्ण देवी-देवताओं का आवास स्थल है। उन्होंने कहा, "घर में रोटी सबसे पहले गौ माता के लिए निकाली जाती है, यह दर्शाता है गौ माता की महानता और हमारे प्रति श्रद्धा। बावजूद इसके गौ माता की उपेक्षा हो रही है जो चिंताजनक है। गौ माता की सुरक्षा ही हमारे समाज की सुरक्षा है।

## कन्याओं ने सजाया मां दुर्गा का दरबार...



**बंगोली** | ग्राम मूरा के पोराभॉठा दुर्गोत्सव पंडाल मे कुंवारी कन्याओं द्वारा प्रतिदिन रंगोली से मॉ दुर्गा की दरबार सजाई गई जिसमें कु. दुर्गा पाल, देवकी धीवर, रीना सारथी, पिंकी धीवर, गायत्री धीवर, रिंकी सारथी, चंचल वर्मा, छाया धीवर, मंजू धीवर सहित सभी ने मिलकर मॉ दुर्गा की दरबार सजाई |

## मोमिनपारा नूरानी चौक व मस्जिद परिसर में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान साहब के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत खरोरा नगर के मोमिन पारा स्थित नूरानी चौक और मस्जिद परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और क्षेत्र की सफाई कर सेवा भावना का परिचय दिया। सफाई अभियान के साथ ही भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा, जीएसटी उत्सव, और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर जागरूकता भी फैलाई गई।

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा खरवा मंडल द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मोर्चा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. अब्दुल अमीन खान, पीर खान, जाहिद भाई, डॉ. शब्बीर खान, शेख साजिद, चिंटू भाई, राशिद अली, अजीज खान, रईस खान, शकील खान, साबिर भाई, सज्जू भाई, शहाबुद्दीन, अब्दुल्ला, कोसर भाई, मिन्नू भाई, मिनहाजुद्दीन, शेख रियाजुद्दीन, कलीम खान सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता, सेवा और सामाजिक समर्पण का संदेश दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों में सकारात्मक उत्साह देखने को मिला।

## शारदीय नवरात्रि पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

विधानसभा के वनांचल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर दो भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें हजारों की संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दोनों कार्यक्रमों में बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। गिरौदपुरी में आयोजित कार्यक्रम में जिया रानी की मनमोहक प्रस्तुति हुई जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। यह आयोजन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। वहीं दूसरी ओर डेराडीह में विधायक संदीप साहू की अध्यक्षता और विधायक कविता प्राण लहरे के मुख्य अतिथि में आरू साहू के रंगारंग कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

- विधायक कविता प्राण लहरे की उपस्थिति में रंगारंग प्रस्तुतियां
- हजारों की संख्या में आमजन और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया कार्यक्रमों का वैभव

यह कार्यक्रम भी क्षेत्र में खूब चर्चा में रहा और बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंचे। इन दोनों मनमोहक कार्यक्रमों में हजारों की संख्या में आमजन जन प्रतिनिधि गण ने शामिल होकर कार्यक्रमों को सफल बनाया। इन दोनों आयोजनों में विधायक कविता प्राण लहरे के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, इंदूभूषण पौडवाल, भीषम साहू, सूरज साहू, नोबल डहरिया, चंद्रभान साहू, सालिक पटेल, प्रकाश पटेल, इतवारी साहू, तुलेश्वर वर्मा, डिगेश यादव, योगेश बंजारे, भरथरी यादव, सरपंच फुलेसरी साहू, सरपंच कमला साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष कपिल देव नायक, गायत्री केवट, भुनेश्वरी केवट, नीलू, चंदन साहू, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता आमजन और माता बहनें मौजूद रहीं।



कटगी | व्यापार संघ दुर्गोत्सव समिति, बस स्टैंड कटगी ।



### युवाओं ने किया कांग्रेस प्रवेश

**बलौदाबाजार** | बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में ग्राम पंचायत सेमराडीह के युवाओं ने इंटक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण सेन के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे के समक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी से प्रेरित होकर कांग्रेस प्रवेश किया। जिसमें कोमल साहू, किशन यादव, योगेश यदु, तुलेश्वर ध्रुव, नवीन ध्रुव, मनीष ध्रुव, टिकेश्वर साहू, विनोद कुमार यदु, गणेश राम ध्रुव श्रवण ध्रुव पूनमचंद्र ध्रुव योगेश यादव आदि युवा बड़ी संख्या में कांग्रेस प्रवेश किया।

### एमिटी विवि की ओर से बच्चों को जूता-मोजा वितरण



**खरोरा** | संकुल केंद्र मोहरेंगा अंतर्गत शासकीय नवीन शाला मोहरेंगा मे सामुदायिक सहभागिता के तहत एमिटी विश्वविद्यालय मांठ खरोरा प्रबंधन के पुष्पेंद्र सिंह, संजय कुमार पटेल और उज्ज्वल शर्मा के सौजन्य से स्कूली बच्चों को जूता मोजा का वितरण | यूनिवर्सिटी प्रबंधन, शाला प्रबंधन समिति मोहरेंगा के द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर वंदना गीत शिक्षक जीवन कुर्रे के द्वारा कर की गई तत्पश्चात कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों के द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों को स्कूल शूज़ मोजा का वितरण किया गया, जिसे प्राप्त कर सभी बच्चे खुशी से आनंदित हो गए | उपस्थित अतिथियों के द्वारा सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ लिख कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया | कार्यक्रम मे जनपद पंचायत तिल्दा सदस्य लेखु राम सेन, सरपंच प्रतिनिधि कृष्णा धीवर, उपसरपंच कृष्ण कुमार कुर्रे, एस एम सी अध्यक्ष शेष नारायण यादव और गाँव के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे |



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
26 सितम्बर 2025 SHOW TIME
जौली LLB-3
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
गुरु बालक दास (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
ओजी
शो समय - 3:00, 6:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### अर्जुनी में हुआ कन्या भोज व गरबा का कार्यक्रम

**अर्जुनी।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नव कन्याओं का पूजन व कन्या भोज कराया गया। विद्यालय में शिशु वाटिका परिसर हेडगेवार भवन में नौ कन्याओं का पूजन किया गया एवं स्कूल परिसर के पास नवदुर्गा उत्सव समिति विद्यानगर में दुर्गा पंडाल के पास स्कूल की छात्राओं एवं दीदीयो ने गरबा डांडिया गीत पर नृत्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार शर्मा ने कन्याओं का पूजा अर्चना कर आरती उपरांत आचार्य दीदियों व छात्राओं के माध्यम से भोजन कराया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य पुरुषोत्तम लाल वर्मा, श्रवण निषाद, रिपुसुदन श्रीवास, बसंत वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, किशोरी लाल ध्रुव, चैंनसिह वर्मा, माखन लाल साहू, लक्ष्मीनारायण निषाद, हिंछाराम भारतद्वाज, दीदीया पार्वती ध्रुव, फाल्गुनी वर्मा, वेदमती निषाद, प्रीति वर्मा, सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### साइकिल स्पर्धा में जोहन को मिला चतुर्थ स्थान

**मुंडा ।** राज्य स्तरीय बलोदा बाजार में चल रहा साइकिल प्रतियोगिता में ग्राम बरदा निवासी जोहन वर्मा ने



चतुर्थ स्थान पाकर अपना गांव का नाम रोशन किया। जिसमें गांव के लोग व छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के पूर्व अध्यक्ष रामअवतार वर्मा व छवि श्याम वर्मा, प्रधान पाठक चूड़ामणि वर्मा, शिक्षक किरित वर्मा, केशव वर्मा, मनोज वर्मा परमानंद वर्मा, सूमेर वर्मा, मनहरण वर्मा, पुरेदं वर्मा, लोमस वर्मा, सहित समाज के लोगों द्वारा जोहन वर्मा को चतुर्थ स्थान पाने पर बधाई व शुभकामनाएं दिया ।

### घायल व मृतक परिवार को मिले उचित मुआवजा

**सिमगा ।** बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने गोदावरी इस्पात में निर्माणाधीन



ढांचा के गिरने के कारण हुए 6 मजदूरों कि मौत और 7 मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं उन परिवारों को संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार को 50 लाख मुआवजा और पत्नी को पेंशन एवं परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने तथा गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को ठीक होने तक इलाज कराने के लिए कंपनी प्रबंधन से मांग किया है।

## दुर्गा पूजा की रही धूम...



खरोरा। अग्रसेन दुर्गा उत्सव समिति खरोरा।



खरोरा। युवा दुर्गा उत्सव समिति माठ।



खरोरा। दुर्गा उत्सव समिति तुलसी।



खरोरा। राजराजेश्वरी बालाजी दरबार समिति खरोरा।



खरोरा। दुर्गा उत्सव समिति बजरंग चौक बिठिया।

**पर्व:** नवरात्रि के पावन पर्व में भक्तों ने माता के दरबार में मनोकामना पूर्ति के लिए की पूजा-अर्चना


# महामाया दाई मंदिर में 74 मनोकामना ज्योत कलश स्थापित



बंगोली। जय महाकाल दुर्गोत्सव समिति गांधी चौक–कुर्रा



बंगोली । नवदुर्गोत्सव समिति गोवर्धन चौक–कुर्रा



घोटिया। ललित चौक दुर्गा उत्सव समिति वटगन



घोटिया। बाजार चौक दुर्गा उत्सव समिति वटगन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम पंचायत सेल के महामाया दाई के मंदिर में 74 आस्था के साथ ज्योत प्रज्वलित किया गया है। आश्विन क्वांर नवरात्रि में पर्व में माता के दरबार में भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए आस्था के साथ ज्योत प्रज्वलित किया गया है। सुबह और शाम को महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित हो रहा हैं। पूरे नवरात्र भर में धर्म कर्म महौल बना हुआ हैं। यहां के आकरस महामाया मंदिर में आस्था के साथ ज्योत प्रज्वलित किया गया है।

श्रद्धा एवं भक्ति की शक्ति में डूबे ग्रामवासियों ने जगह जगह में विराजी दुर्गा माता का प्रतिमाएं विशेष रूप से पूजा अर्चना कर





आशिर्वाद लिया जा रहा हैं। अधिकांश श्रद्धालुओं ने दुर्गा माता व्रत रखा गया हैं। दुर्गा माता के दरबार में विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जसगीत झांकी रामायण का आयोजन किया जा रहा हैं। यहां के गुड़ी चौंक डीह पारा सूतियापारा करंजपारा, रायुत राय चौंक, करंज पारा, तालाब के पास शीतला चौंक, पर दुर्गा माता का प्रतिमाएं स्थापित किया गया है।

**जयकारों से गुंजा अंचल :** रोजाना सुबह और शाम को महाआरती में भक्तों ने पूजा अर्चना में भक्तों ने सम्मिलित हो रहा है। दुर्गा माता का जयकारे से अंचल गुंजने लगा है। माता का आराधना में डूबे भक्तगण 2 अक्टूबर को विजयदशमी पर्व मनाया जाएगा 2 अक्टूबर को भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन रखा गया है। भक्तिमय वातावरण बना हुआ हैं।

## भवानीपुर क्षेत्र में नवरात्रि पर धूमधाम से हो रही पूजा-अर्चना

**भवानीपुर।** क्षेत्र में नवरात्रि पर्व में मां दुर्गा की पुजा विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही सुबह से उठकर नहाने के तत्पश्चात फूल माला एकत्रित कर मूर्ति स्थापना जहां पर है वहां पर पहुंचकर सुंदर थाली में दीप सजाकर आरती में शामिल होकर मां अंम्बे की जय कारा लगाते हुए बच्चे एवं बुजुर्ग पूजा में शामिल होते हैं और अपने परिवार एवं गांव की खुशहाली की कामना करते हैं। ग्राम भवानीपुर, खपरी भ, रीवाडीह, मोहान, बम्हनी, चरौदा, गिधपुरी, भरुवाडीह, तमोरी, कुची, सहाडा, बोहरडीह, हरिनभट्ठा, मलपुरी, तेलासी, आदि गांव में पंडित पंडा द्वारा सेवा भाव से माता दरबार में अपनी सेवा देकर मंत्र उच्चारण कर मनोकामना ज्योत जलाकर रेख देख कर है।

समिति के सदस्य के द्वारा दुर्गा पंडाल को बहुत ही सुंदर ढंग से तोरण पटका लाइट डेकोरेशन रंगोली एवं झांकी के माध्यम से विशेष तौर पर सजाया गया है जिसे देखने के लिए ग्रामीण शाम को पहुँचते हैं। गांव के महिला एवं पुरुष छोटे-छोटे बच्चों द्वारा भी छोटे-छोटे टोली बनाकर माता जस गीत का भी गायन शाम होते ही किया जाता है। जिसमें माता रानी के सिंगार सहित उनकी गाथा का बखान करते हुए माता जस गीत गाते हुए मांदर के धुन से पूरा क्षेत्र भक्ति में हो जाता है जिसे देखने के लिए ग्रामीण पहुंचते हैं गांव गली भ्रमण करते हुए सेवा समिति के सदस्य जब निकलते हैं तो अपने घर के सामने रंगोली थाली में दीप सजाकर उनका अभिनंदन वंदन करते हैं। कई स्थानों पर छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रखा जाता है जिसे देखने के लिए ग्रामीण एवं आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। समिति के सदस्य द्वारा शांति-व्यवस्था को लेकर अपनी सेवा भाव से अपना कार्य भी कर रहे हैं।



## कोलिहा में आदर्श झांकी परिवार की भव्य प्रस्तुति

**मुंडा ।** शक्ति भक्ति एवं उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि आश्विन मास के शुक्ल पक्ष के प्रतिपदा से लेकर नवमी तिथि तक इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की शुभारंभ 22 सितंबर से चल रही है 30 सितंबर मंगलवार को महा अष्टमी एवं 1 अक्टूबर बुधवार को नवमी एवं विसर्जन होगी और दो अक्टूबर गुरुवार को विजयदशमी का पर्व मनाया जाएगा, जिसमें देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्रि का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, जो हमें धैर्य, साहस और करुणा जैसे गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

यह त्योहार मातृ शक्ति का सम्मान करने, आंतरिक शुद्धि अपनाने और एकता में शक्ति मानने का संदेश देता है शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है, जहां नौ देवियों देवी विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है, जिनमें शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री शामिल हैं। ग्राम कोलिहा (सड़कपार) मे इस वर्ष भी प्रत्येक वर्ष अनुसार प्रतिपदा से लेकर विसर्जन यात्रा तक प्रतिदिन माता जी की सेवाएं हो रही है पंचमी तिथि को विशेष रूप से मल्लिन के 32 सदस्यीय आदर्श झांकी परिवार द्वारा महिषासुर मर्दिनी एवं पांच मुखी हनुमान का जीवंत झांकी ऐसा प्रस्तुत किया जिन्हें दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिए एवं झांकी को देखकर दर्शकों द्वारा दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए।

**गुलाल लगाकर किया सम्मान :** आदर्श झांकी परिवार के अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद साहू, कलीराम साहू, डॉक्टर देवशरण साहू, दुखीराम ध्रुव, लीला राम साहू एवं झांकी परिवार के लोकनाथ साहू (पंचायत सचिव) का सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के रामचंद्र वर्मा अमित वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, नीलमड़ी वर्मा, दीनबंधु वर्मा, द्वारा गुलाल लगाकर सम्मान किया गया । मल्लिन के आदर्श झांकी परिवार को देखने आसपास के ग्राम मुंडा, धनढनी, सरवड़ीह, कोरदा के काफी संख्या में ग्रामीण जन ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लिया ।

**इनका रहा विशेष सहयोग:** कार्यक्रम को सफल बनाने में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के संरक्षक डॉ हरिकिशन वर्मा (पंचायत सचिव), सूर्यकांत वर्मा, वीरेंद्र कुमार वर्मा, धीरीज राम वर्मा, नारायण वर्मा, चंद्रकांत वर्मा, हुनेन्द्र वर्मा, हीतेंद्र कुमार वर्मा, गोविंदा वर्मा, ललित कुमार, सुरीत कुमार, वर्मा, कमल नारायण वर्मा, जागेश्वर वर्मा, जागृति महिला मानस मंडली के ईश्वरी वर्मा, सीमा वर्मा, दिलेश्वरी वर्मा, पूजा वर्मा, रुखमणि वर्मा, किरण वर्मा, सरोजिनी वर्मा, हंसा बाई वर्मा, माहेश्वरी वर्मा, राम बाई वर्मा का विशेष सहयोग रहा ।





खरोरा महामाया चौक समिति भरुवाडीह



राम लखन दुर्गा उत्सव समिति महामाया चौक परसदा



खरोरा। एकता दुर्गा उत्सव समिति खरोरा



खरोरा। श्री आदि शक्ति दुर्गा उत्सव समिति केसला



घोटिया। शीतला चौक दुर्गा उत्सव समिति घोटिया ।

## मधुमक्खी पालन से किसानों को रोजगार एवं आय के नये अवसर

# राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन व शहद मिशन के तहत हुआ 7 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कृषि विज्ञान केन्द्र, भाटापारा में 22 से 28 सितम्बर तक राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के अंतर्गत सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विकासखण्डों के मधुमक्खी पालक कृषक शामिल हुए। मुख्य अतिथि डॉ. एच. एल. सोनबोईर ने मधुमक्खी पालन के महत्व और कृषि में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मधुमक्खी पालन से परागण क्रिया बढ़ती है, जिससे फसलों की



उत्पादकता में सुधार होता है। साथ ही मधुमक्खी पालन ग्रामीण रोजगार और आय बढ़ाने का प्रभावी साधन है।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने मधुमक्खी पालन की तकनीक, व्यवसाय योजना, शहद व मोम की कटाई व विपणन की जानकारी दी। डॉ. सागर आनंद पाण्डेय ने मधुमक्खी पालन के इतिहास, मधुवाटिका स्थल चयन, विभिन्न मधुमक्खी जातियों का परिचय तथा उनके रोगों और कीट नियंत्रण की बारीकियां समझाईं। अन्य विशेषज्ञों ने मधुमक्खी पालन के उपकरण, आर्थिक महत्व, और मूल्यवर्धित उत्पादों के बारे में भी प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के पूर्व और पश्चात प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया, जिसमें अमरेन्द्र कुमार वर्मा प्रथम, संदीप मंडल द्वितीय एवं ओमप्रकाश निषाद तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल 25 प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे।

### मधुमक्खी पालन के लाभ

मधुमक्खी पालन से न केवल किसानों की आय बढ़ती है, बल्कि यह कृषि उत्पादन को भी बढ़ावा देता है। मधुमक्खियां फसलों की परागण क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिससे प्रति हेक्टेयर उत्पादकता में वृद्धि होती है। इसके अलावा मधुमक्खी पालन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का एक प्रभावी माध्यम भी है।

### प्रशिक्षण में सिखाए गए मुख्य पहलू

प्रशिक्षण में मधुमक्खी पालन के प्रबंधन, शहद और मोम की कटाई, मधुमक्खी कालोनियों का रखरखाव, रोगों का नियंत्रण, और बाजार में शहद की बिक्री के तरीकों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मधुमक्खी पालन के व्यवसायिक पक्ष से अवगत कराना था।

